यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को जिस प्रकार के वित्तीय प्रतिबंधों को सामना करना पड़ रहा है, उसे देखते हुए भारतीव नीति- नियंताओं की सबब की दाद देनी होगी कि उन्होंने वित्तीय मोर्च पर आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को समय रहते भांपफर उस दिशा मैं कदम बढ़ा दिए थे। अमेरिका और अन्य पश्चिमी वित्तीय दिग्गज कंपनियों के ऐसे रबैये के कारण अब दुनिया के कई देशों मैं उनके प्रति आशंकाओं का जन्म लेना स्वाभाविक है। ऐसे में यह भारत के लिए उचित अवसर है कि वह रुपे और युपीआइ के वैश्विक विस्तार के प्रयासों को और गति दे। मोदी सरकार पहले ही इन कोशिशों में लगी है। संयुक्त अरब अमीरणत जैसे देश ने रुपे कार्ड को व्यापक स्वीकार्यता दी है। दक्षिण-पूर्वी एशिया और खाड़ी के कई देशों में उसे अपनाने की तैयारी हो रही हैं। हीं तमाम देश भारत की प्रेरणा से अपनी स्वतंत्र वित्तीय प्रणालियां विकसित करने के इच्छुक हो सकते हैं। अपने अनुभव एवं दक्षता से भारत इन देशों की मदद के लिए आगे आ सकता हैं। एक ऐसे दौर में जब वित्तीय लेनदेन का तानाबाना पूरी तरह बदल गया है और भविष्य की लड़ाइयों में तकनीक की भूमिका अहम होती जाएगी, उस स्थिति में भारत की रुप और युपीआइ जैसी पहल उसे वित्तीव आत्मनिर्भरता का कवच प्रदान करने के साथ ही विश्व को नई राह भी दिखाएंगी।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

***Date:09-03-22***

# आयातित ऊर्जा की बढ़ती कीमत का जोखिम

**नीलकंठ मिश्रा, ( लेखक एपैक स्ट्रैटजी के सह-प्रमुख एवं क्रेडिट सुइस के इंडिया स्ट्रैटजिस्ट हैं )**

हमने नवंबर में आशा जताई थी कि ईंधन कीमतों में तेजी अस्थायी रहेगी और भारत की कोविड के पश्चात की सुधार प्रक्रिया इससे प्रभावित नहीं होगी। परंतु ईंधन कीमतें तेजी से बढ़ीं क्योंकि रूस पर प्रतिबंध लगने से आपूर्ति बाधित हुई। भारत अपनी जरूरत के कुल ईंधन का 36 प्रतिशत आयात करता है। सकल घरेलू उत्पाद में देश के ईंधन आयात की

हिस्सेदारी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सर्वाधिक है। एक दशक पहले यह अनुपात 8 फीसदी के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था लेकिन उसके बाद यह घटा और कोविड के पहले केवल चार फीसदी तथा महामारी के दौरान तीन फीसदी से भी कम रह गया।

यदि मौजूदा कीमतें बरकरार रहती हैं तो यह अनुपात पुन: बढ़कर सात प्रतिशत हो सकता है। देश में 12 महीने का शुद्ध तेल आयात फिलहाल 1.25 अरब बैरल है जो कोविड के कारण मांग घटने के पहले 1.4 अरब बैरल था। यदि आगामी वित्त वर्ष में आर्थिक उत्पादन कोविड के पहले वाले वर्ष से 10 फीसदी अधिक रहता है तो शुद्ध तेल आयात 1.5 अरब बैरल पहुंच सकता है। तेल कीमतें भी दिसंबर 2021 के स्तर से 40 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ चुकी हैं। यानी इस मोर्चे पर भी करीब 60 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पडऩा तय है।

हालांकि यह तो प्रभाव का केवल एक हिस्सा है। गैस, कोयला, खाद्य तेल तथा उर्वरक जैसे घनीभूत ऊर्जा के अन्य स्वरूपों की कीमत भी बढ़ी है। ऐसा इसलिए भी है कि रूस और यूक्रेन इन जिंसों के विशुद्ध आपूर्तिकर्ता भी हैं। मौजूदा मूल्य पर भारत का इन जिंसों का आयात 40 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। यानी कुल ईंधन आयात का बोझ 100 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है जो जीडीपी के तीन फीसदी के बराबर है।

ईंधन से जुड़ी ज्यादातर चर्चा मुद्रास्फीति तथा नकदी पर प्रभाव पर आधारित रहती है जबकि उत्पादन पर भी इसका बुरा असर होता है। ऐसा तीन तरह से होता है।

पहली बात, ऊर्जा की ऊंची लागत एक बार उपभोक्ताओं पर डाले जाने के बाद स्थानीय उत्पादन वाली वस्तुओं और सेवाओं की खपत को प्रतिस्थापित करेगी जिससे जीडीपी प्रभावित होगी। घरेलू आपूर्तिकर्ता के साथ वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि के उलट यहां लाभार्थी देश के बाहर है। सरकार ईंधन करों में कटौती, आयात शुल्क पर दरें कम करके तथा उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर राहत दे सकती है लेकिन वह पूरे प्रभाव के एक चौथाई से अधिक मदद शायद ही दे पाए।

दूसरा, सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद ईंधन की लागत में करीब 30 फीसदी इजाफा इस्तेमाल पर असर डालेगा: पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस तथा प्लास्टिक उत्पादों की कीमत बढ़ने का अर्थ होगा इस्तेमाल में कमी। दुनिया भर में आर्थिक गतिविधियां इनके इस्तेमाल से संबद्ध हैं। मसलन तेज आवागमन, विनिर्माण, उच्च गुणवत्ता वाले पदार्थ आदि के निर्माण में इनकी भूमिका है। ईंधन के इस्तेमाल में कमी का अर्थ है जीडीपी में कमी।

तीसरा, ईंधन की ऊंची कीमतें तथा भूराजनीतिक अनिश्चितता के कारण वैश्विक मांग प्रभावित हो सकती है। कच्चे तेल का वैश्विक बाजार उस समय 2.6 लाख करोड़ डॉलर का था जब कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल थी। 120 डॉलर प्रति बैरल के हिसाब से बाजार का आकार बढ़कर 4.4 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा और तेल उपभोक्ता उत्पादकों को 1.8 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि चुकाएंगे। तेल कीमतों में अचानक इजाफा और भविष्य की अनिश्चितता को देखते हुए लगता नहीं कि उत्पादक इस अप्रत्याशित लाभ को नए निवेश पर खर्च करेंगे। तेल कीमतों का झटका वैश्विक मांग पर असर होगा। अमेरिका जैसी अर्थव्यवस्था जो तेल के मामले में आत्मनिर्भर है वहां भी उपभोक्ताओं पर असर होगा जबकि उत्पादक बचत करेंगे। वैश्विक विनिर्माण निर्यात में भारत की कम हिस्सेदारी को देखते हुए हिस्सेदारी में इजाफा वृद्धि को सकारात्मक रखेगा लेकिन हालात वाकई मुश्किल हैं।

हमारा मानना है कि ईंधन कीमतें काफी ऊंचे स्तर पर जाने वाली हैं। आपूर्ति अल्पावधि में प्रतिक्रिया नहीं दे सकती और नए ऊर्जा माध्यमों से प्रतिस्थापन कठिन होगा। एक दो माह तक मांग भी प्रभावित रहेगी क्योंकि उपभोक्ताओं को ऊंची कीमत को अपनाने में वक्त लगेगा। इससे मांग में लाजिमी तौर पर कमी आएगी। बहरहाल, आपूर्ति की बाधा को लेकर अनिश्चितता लंबी खिंचने से समायोजन भी मुश्किल होगा। कंपनियां इस बढ़ोतरी का बोझ ग्राहकों में डालने से हिचकिचा सकती हैं क्योंकि इससे वे दूर हो सकते हैं। आपूर्तिकर्ता इस बात को लेकर आशंकित रह सकते हैं कि नई क्षमताओं में कैसे निवेश किया जाए। कीमतों में इतनी बढ़ोतरी नवीकरणीय ऊर्जा को गति दे सकती है लेकिन इस प्रक्रिया में कई वर्ष लगेंगे।

नीति निर्माताओं के लिए भी यह बड़ी चिंता है कि वर्तमान अनिश्चितता कितने लंबे समय तक चलेगी। ये बदलाव भारत के भुगतान संतुलन को तार्किक अधिशेष से बड़े घाटे की ओर धकेलने वाले हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का बाहर जाना इस संकट को रेखांकित करने वाला है लेकिन चालू खाते का घाटा इतना बड़ा है कि अगर ईंधन कीमतें एक वर्ष तक ऊंची बनी रहीं तो केंद्रीय बैंक डॉलर के मुकाबले रुपया और कमजोर होने दे सकता है। दूसरी ओर अगर यह इजाफा अल्पकालिक साबित होता है और कुछ सप्ताह में हालात बदल जाते हैं तो यह विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करके विनिमय दर को स्थिर रख सकता है।

सरकार की बात करें तो उर्वरक कीमतों पर शायद तत्काल कोई सक्रिय निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं हो लेकिन ईंधन करों में कटौती या सब्सिडी बढ़ाने के मामले में अहम अनिश्चितता यही है कि कीमतें कब तक ऊंची रहेंगी। यदि कीमतें एक वर्ष या उससे अधिक समय तक ऊंची बनी रहीं तो सरकार पेट्रोल या डीजल कीमतों को बढने और अर्थव्यवस्था को धीमे पडने दे सकती है तथ इस बीच कम आयात निर्भरता वाले ईंधन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा सकती है। दूसरी ओर अगर बढ़ोतरी कुछ सप्ताह में समाप्त हो गई तो सरकार ईंधन कीमतों की अस्थिरता को सीमित रखना चाहेगी ताकि उत्पादकता पर बुरा असर न पड़े। इसके लिए कुछ राजकोषीय संसाधनों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

चाहे जो भी हो वृद्धि में तीन फीसदी गिरावट का जोखिम, मुद्रास्फीति में तेज इजाफा और अपेक्षाकृत कमजोर रुपया, नीति निर्माताओं की इस बात में सहायता कर सकता है कि वे मध्यम अवधि में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में बढ़ें।

---

जनसत्ता

Date:09-03-22

# मनमाना दोहन

**संपादकीय**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी ने उत्तर प्रदेश में चल रही शीतल पेय बनाने वाली दो कंपनियों पर भूजल के अवैध दोहन को लेकर पच्चीस करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इन दोनों कंपनियों ने भूजल उपयोग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था और अवैध तरीके से भूजल का दोहन कर रही थीं। इस मामले में एनजीटी ने केंद्रीय भूजल

प्राधिकरण की भी आलोचना की है कि उसने इतने बड़े पैमाने पर भूजल के अवैध दोहन को नजरअंदाज किया। इस मामले से एक बार फिर भूजल के अवैध दोहन को लेकर चिंता गहरी हुई है। शीतल पेय बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ देश भर में इसीलिए स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन चलता रहा है कि वे भारी पैमाने पर भूजल का दोहन करती हैं, जिससे किसानों को सिंचाई वगैरह में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि शीतल पेय बनाने वाली कंपनियां जितनी मात्रा में अपनी बोतलें तैयार करती हैं उससे करीब चार गुना अधिक पानी बर्बाद चला जाता है। वे जमीन के काफी गहरे तक जाकर पानी निकाल लेती हैं, जिससे आसपास के इलाकों में पेयजल और सिंचाई आदि के लिए पानी की किल्लत खड़ी हो जाती है। सात-आठ साल पहले देश के विभिन्न हिस्सों में पेप्सी और कोला बनाने वाली कंपनियों के कारखानों के विरुद्ध बड़े आंदोलन हुए थे, जिनके चलते इन कंपनियों को अपने कई कारखाने हटाने पड़े थे। मगर केंद्रीय भूजल प्राधिकरण और पर्यावरण पर निगरानी रखने वाले महकमों की उदासीनता के चलते ऐसे कारखाने फिर से अपने पांव पसारने लगे।

शीतल पेय बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ अनेक कारणों से आंदोलन चलते रहे हैं। एक तो इनमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री का खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को लेकर। दूसरे, भूजल के मनमाने दोहन पर आपत्ति जताई जाती रही है। फिर इन कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी आसपास के इलाकों में फैल कर उपजाऊ भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट कर देता है। मगर इन कंपनियों का रसूख ऐसा है कि इनके खिलाफ सरकारें आज तक कोई कठोर फैसला नहीं कर पाईं। एनजीटी के ताजा फैसले के बाद शीतल पेय बनाने वाली कंपनियां और भूजल तथा पर्यावरण आदि पर नजर रखने वाली संस्थाएं कितना सबक सीख पाएंगी, कहना मुश्किल है। उन कंपनियों का केवल एक मकसद होता है- मुनाफा कमाना, इसके लिए चाहे लोगों की सेहत और उनके वातावरण पर कितना भी प्रतिकूल असर क्यों न पड़ता हो।

भूजल के अतार्किक दोहन का मामला केवल शीतल पेय बनाने वाली कंपनियों तक सीमित नहीं है। बोतलबंद पानी का चलन भी पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है और इसका देश में अरबों रुपए का कारोबार फैल चुका है। इस क्षेत्र में न सिर्फ अनेक नामी कंपनियां सक्रिय हैं, बल्कि चोरी-छिपे कारोबार करने वाले कारखाने भी छोटी-छोटी जगहों पर चल रहे हैं। शुद्ध पेयजल की कमी के चलते इस कारोबार ने जोर पकड़ा है। बोतलबंद पानी बनाने वाली कंपनियां भी ज्यादातर भूजल को ही शुद्ध करती हैं। कुछ साल पहले दिल्ली में छापेमारी के दौरान ऐसे अनेक अवैध कारखानों को पकड़ा गया था, जो या तो मनमाने ढंग से भूजल का दोहन कर रहे थे या जल बोर्ड के पानी का चोरी कर रहे थे। छिपी बात नहीं है कि इस तरह की मनमानियां इसलिए चलती रहती हैं कि इन पर नजर रखने वाले महकमे लोभ में आंखें बंद किए रहते हैं। उनकी आंखें कब खुलेंगी, कहना मुश्किल है।

---

***Date:09-03-22***

# अप्रासंगिक होती संधियां

**प्रमोद भार्गव**

युद्ध से बचने और शांति के प्रयासों में स्थायित्व लाने की दृष्टि से जिन संधियों को विश्वव्यापी रूप में अमल में लाया गया था, रूस-यूक्रेन युद्ध में उनकी भूमिका निष्क्रिय साबित हो रही है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और रूस के दबाव में यूक्रेन ने भी हस्ताक्षर किए थे, आज वही संधि उसके सामने काल बन कर खड़ी है। रूस ने तो यूक्रेन पर हमला बोलने के साथ परमाणु हथियार चलाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ असमंजस की स्थिति में हैं। नाटो देश भी बगलें झांक रहे हैं। बावजूद इच्छाबल के बूते यूक्रेनी नागरिक रूसी सेना से लोहा ले रहे हैं। रूसी सेना ने राजधानी कीव सहित कई शहरों पर भारी हमले करते हुए इन पर नियंत्रण की कोशिश में है। ऐसे में यदि कुछ और दिन यही हालात बने रहे तो आशंका है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु हथियारों का सीमित इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा इसलिए मुमकिन है क्योंकि एनपीटी पर हस्ताक्षर कर देने के कारण यूक्रेन परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाया। उसे अब अपनी भूल का अहसास हो रहा है।

यूक्रेन 1994 में बुडापेस्ट समझौते के तहत परमाणु हथियार नहीं बनाने के लिए वचनबद्ध हो गया था। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने उस समय रूस के साथ मिल कर यूक्रेन को परमाणु हथियारों से वंचित रखने की नीति अपना ली थी। उसके बाद यूक्रेन ने अपने पास मौजूद परमाणु हथियारों को 1996 में नष्ट कर दिया था। यूक्रेन ने यह पहल 20 जून 1996 को जिनेवा सम्मेलन में अस्तित्व में आई 'व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी)' के तहत की थी। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण से जुड़ी इस संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत की ओट लेकर पाकिस्तान ने भी यही रुख अपनाया था। भेदभाव पूर्ण इस संधि के दोष अब साफ नजर आ रहे हैं।

भारत का पहला परमाणु परीक्षण तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1974 में राजस्थान के पोखरण में कराया था, ताकि दुनिया को पता चल जाए कि भारत परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। दूसरा परीक्षण 1998 में प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने कराया था। हलांकि इस परीक्षण के बाद भारत ने इस सिद्धांत को अपनाया था कि वह पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा। अगस्त, 1999 में भारत सरकार ने इस सिद्धांत का एक प्रस्ताव भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 'परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए हैं और भारत केवल प्रतिशोध की नीति अपनाएगा।' अर्थात भारत कभी स्वयं आगे बढ़ कर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। परंतु यदि किसी देश ने उस पर परमाणु हमला किया तो वह प्रतिकार की भावना से परमाणु हमला करके प्रतिक्रिया देगा।

विश्व फलक पर उभरी तमाम विडंबनाओं और विरोधाभासों के चलते परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रयास में जुटी संस्था 'इंटरनेशनल कैंपेन टू एबोलिश न्यूक्लियर वेपंस' (आईसीएएन) को 2017 में नोबेल शांति पुरस्कार दिया था। नार्वे स्थित यह अंतरराष्ट्रीय संस्था परमाणु हथियारों के खात्मे के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान चला रही है। इस संस्था को नोबेल शांति पुरस्कार देना इसलिए प्रासंगिक माना गया था, क्योंकि परमाणु शक्ति संपन्न देशों ने एक-दूसरे को धमकाते हुए दुनिया को परमाणु युद्ध की आशंका से तनावग्रस्त व भयभीत किया हुआ था। एक तरफ उत्तर कोरिया अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया को नेस्तनाबूत करने की धमकी दे रहा है, तो वहीं जबावी कार्रवाई में अमेरिका समूचे उत्तर कोरिया का वजूद ही मिटा देने की हुंकार भरता रहा है। दूसरी तरफ चीन ने समुद्री निगरानी के बहाने परमाणु पनडुब्बियों को समुद्र में उतारने का फैसला ले लिया था।

आइसीएएन संगठन अंतरराष्ट्रीय संधि के माध्यम से दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों में जुटा है। संगठन के प्रयासों पर सहमति जताते हुए एक सौ बाईस देशों ने परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की संधि भी कर ली है। सन 1945 में जब संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई थी, तब उसका मुख्य उद्देश्य विश्व में परमाणु

निरस्त्रीकरण ही था। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस वैश्विक संस्था के अस्तित्व में आने के बाद से ही परमाणु हथियार रखने वाले देशों की संख्या तो बढ़ ही रही है, परमाणु और हाइड्रोजन बमों की संख्या भी बढ़ रही है। जो देश परमाणु संपन्न हैं, वे अब तक परमाणु व अप्रसार संधि (एनपीटी) पर दस्तखत करने को तैयार भी नहीं हुए हैं। इन देशों में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर कोरिया शामिल हैं। यदि आर्म्स कंट्रोल एसोशिएशन, वाशिंगटन की रिपोर्ट को मानें तो इस समय रूस के पास सात हजार, अमेरिका के पास छह हजार आठ सौ फ्रांस के पास तीन सौ, चीन के पास दो सौ साठ, ब्रिटेन के पास दो सौ पंद्रह, पाकिस्तान के पास एक सौ चालीस, भारत के पास एक सौ दस, इजराइल के पास अस्सी और उत्तर कोरिया के पास दस परमाणु हथियार मौजूद हैं। यदि ये देश इन हथियारों को चिंगारी दिखा दें तो पूरी धरती तहस-नहस हो जाएगी।

आइसीएएन का गठन 2007 में हुआ था। इस समय इसकी एक सौ एक देशों में शाखाएं फैली हुई हैं। इसी के प्रयास से एक सौ बाईस देशों ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लिहाज से इस संस्था का परमाणु युद्ध संबंधी खतरा टालने में अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि परमाणु संपन्न देशों द्वारा संधि पर दस्तखत नहीं करने के कारण यह संकट यथावत बना हुआ है और लगता है रूस कहीं यूक्रेन पर परमाणु हमला न कर दे। दरअसल दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा पर छह अगस्त और नागासाकी पर नौ अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराए थे। इन बमों से हुए विस्फोट से फूटने वाली रेडियोधर्मी विकिरण के कारण दो लाख लोग तो मरे ही, हजारों लोग अनेक वर्षों तक लाइलाज बीमारियों की गिरफ्त में रहे। आज भी इस इलाके में विकलांग बच्चे पैदा होते हैं। अमेरिका ने जब 1945 में पहला परीक्षण किया था, तब आणविक हथियार निर्माण की पहली अवस्था में थे। किंतु तब से लेकर अब तक घातक से घातक परमाणु हथियार निर्माण की दिशा में बहुत प्रगति हो चुकी है। लिहाजा अब इन हथियारों का इस्तेमाल होता है तो बर्बादी की विभीषिका हिरोशिमा और नागासाकी से कहीं ज्यादा भयावह होगी। इसलिए कहा जा रहा है कि आज दुनिया के पास इतनी बड़ी मात्रा में परमाणु हथियार हैं कि समूची धरती को एक बार नहीं, अनेक बार नष्ट किया जा सकता है।

भारत तो ने संयुक्त राष्ट्र में आणविक अस्त्रों के समूल नाश का प्रस्ताव रख भी चुका है। लेकिन परमाणु महाशक्तियों ने इस प्रस्ताव में कोई रुचि नहीं दिखाई, क्योंकि परमाणु प्रभुत्व में ही उनकी वीटो-शक्ति अंतर्निहित है। अब तो परमाणु शक्ति संपन्न देश कई देशों से असैन्य परमाणु समझौते करके यूरेनियम का व्यापार कर रहे हैं। परमाणु ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा की ओट में ही कई देश परमाणु-शक्ति से संपन्न देश बने हैं और हथियारों का जखीरा इकट्ठा करते चले जा रहे हैं। हालांकि भारत अभी भी परमाणु अस्त्र विहीन दुनिया का समर्थन कर रहा है। किंतु वह इस परिप्रेक्ष्य में पक्षपात के विरुद्ध हैं। यही कारण है कि भारत ने अब तक परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत नहीं किए हैं। अब लग रहा है ऐसा करके भारत ने ठीक ही किया है।

राष्ट्रीय सहारा

Date:09-03-22

# डिजिटलाइजेशन से सहकारिता का विकास

दीनानाथ ठाकुर, ( लेखक सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं )

विगत दो दशक सर्वाधिक बदलाव के दौर रहे हैं। एक ओर वैश्विकरण एवं तकनीकी बदलाव ने विकास के प्रवाह को गति प्रदान की है तो दूसरी ओर जो लोग इस बदलाव के साथ चलने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए जीवन कई मायनों में कठिन हो गया है। डिजिटलाइजेशन ने सिनेमा से लेकर शिक्षा तक, रोजगार से लेकर व्यापार तक, नीति निर्माण से लेकर रक्षा साधनों तक और राजनीति से लेकर समाज के निचले हिस्से तक सभी को प्रभावित किया है। विकास और व्यापार के प्रत्येक प्रारूप में स्थायित्व का भविष्य डिजिटलाइजेशन के प्रति उसकी अनुकूलता पर निर्भर करेगा।

हम सभी जानते हैं कि भारत दुनिया का सबसे युवा और दूसरी बड़ी आबादी का देश है। नीति आयोग के अनुसार तीव्र शहरीकरण की प्रकिया के बावजूद 130 करोड़ भारतवासियों में अभी भी लगभग 65 प्रतिशत लोग भारत के गांवों में रहते हैं। कोरोना महामारी में लॉकडाउन के कारण बड़े पैमाने पर शहरी मजदूर अपने गांवों की ओर लौटे जिससे एक बार फिर यह विचार करना आवश्यक हो गया है कि क्या शहर केंद्रित विकास से इतर कुछ किया जा सकता है? तो इसका उत्तर है, हां। कृषि उत्पादन प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित क्षेत्रों में सहकारिता आधारित मॉडल ही सर्वाधिक अनुकूल, व्यावहारिक एवं व्यवहार्य मॉडल है। सहकारिता या सामूहिकता ही वो मॉडल है, जो ग्रामीण भारत का न केवल समग्र विकास कर सकता है बल्कि शहरों पर जनसंख्या के अनावश्यक दबाव को कम करने के साथ शहरी आवश्यकताओं की पूर्ति भी करने में सक्षम है। सहकारिता के वर्तमान स्वरूप और स्थितियों में कुछ क्षेत्रों में यह संभव भी हुआ है। अब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर से गुजर रही है और बड़ी संख्या में मानव श्रम का स्थान मशीनें ले रही हैं और हाट बाजार भी अब डिजिटल स्क्रीन पर लगने लगे हैं। इस मशीनीकरण और ऑटोमेशन से भारत जैसे बड़ी आबादी के देश को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हाल ही में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा प्रकाशित फ्यूचर ऑफ जॉब्स, 2020 रिपोर्ट में कहा गया : '43 प्रतिशत व्यवसायों के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वे तकनीक एकीकरण के चलते अपने कार्यबल में कमी करने की तैयारी में हैं, 41 प्रतिशत की विशिष्ट कार्यों के लिए अपने यहां ठेकेदारों का उपयोग बढ़ाने की योजना है और सिर्फ 34 प्रतिशत की तकनीक एकीकरण के चलते अपने कार्यबलों की संख्या में विस्तार की योजना है।' जैसा कि उक्त रिपोर्ट का अनुमान है, कार्यों के इंसान से मशीनों की ओर हस्तांतरित होने के परिणामस्वरूप 2025 तक 8.5 करोड़ लोगों को रोजगार बनाए रखने के लिए अपने कौशल का उन्नयन करने की आवश्यकता होगी। दूसरी तरफ, 9.7 करोड़ नई नौकरियां सिर्फ सही कौशल वाले लोगों और मशीनों के लिए ही उपयुक्त होंगी। इस प्रकार, नई व्यवस्था में आर्थिक संकट की तुलना में नौकरियों से ज्यादा लोगों का विस्थापन देखने को मिलेगा। सहकारिता, ऐसे लोगों के कौशल उन्नयन के साथ उनके पुनर्सयोजन का माध्यम बन सकती है, लेकिन इसके लिए सहकारिता को स्वयं को ई-कॉमर्स सहित सभी तरह के बदलाव के अनुकूल करना होगा। प्रश्न यह है कि ऐसी कौन सी व्यवस्था या तरीका अपनाया जाए, जिससे इस बड़े बदलाव के दौर में भारतीय सहकारिता के साथ कृषि, ग्रामीण भारत को इस तकनीकी बदलाव के अनुपूरक बनाया जा सके ताकि

सहकारिता ग्रामीण भारत के समग्र विकास का आधार बन सके। इसके लिए सहकारी समितियों और संगठनो को नये कानून और नियमों के साथ डिजिटलाइजेशन की राह पकड़नी होगी। हम सभी जानते हैं कि देश भर में सहकारी समितियों की एक बड़ी संख्या है, जिनका अभी तक डिजिटलाइजेशन नहीं हुआ है। अगर हमें भारत के विकास में इनकी बड़ी भूमिका सुनिश्चित करनी है तो बदलाव करना ही होगा। साथ ही अगर सहकारी समितियों को एकीकृत करके शहर की आवश्यकताओं की पूर्ति की ओर केंद्रित कर दिया जाए तो कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा। विश्व पटल पर डिजिटल दुनिया के बढ़ते फैलाव को देखते हुए अब डिजिटल दुनिया से जुड़ने का समय आ गया है। पैसा सिर्फ सक्षम कारक है, ज्ञान प्राथमिकता होनी चाहिए और ज्ञान, बाजार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में डिजिटल तकनीक के उपयोग के अंतर को दूर करने के लिए काम किया जाना चाहिए।

इस प्रक्रिया में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के साथ डिजिटल ज्ञान के विस्तार के लिए एक वृहद जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। सहकारिता क्षेत्र को डिजिटली सक्षम बनाने में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी काफी अहम है। इसके लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। निजी क्षेत्र डिजिटल क्षेत्र में नवाचार के लिए शोध में पर्याप्त खर्च करते हैं। ई-कॉमर्स के क्षेत्र में काम कर रही कंपनियां अपने प्लेटफार्म पर छोटे उद्यमियों को डिजिटली सक्षम बनाने में खासा योगदान कर सकती हैं। सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के बीच गठजोड़ से दोनों क्षेत्रों में कारोबार की लागत कम होगी एवं व्यापार का विकास होगा। देश में अब सहकारिता क्षेत्र को इस नवाचार से एकाकार करके स्वयं को बदलाव के लिए तैयार करना चाहिए।

---

Live हिन्दुस्तान.com

***Date:09-03-22***

# पाला बदल की चिंता

**संपादकीय**

राज्य हो या केंद्र, चुनाव में जब स्पष्ट बहुमत का अभाव हो जाता है, तो गठबंधन या दलबदल की जरूरत पड़ने लगती है। अत: जिन राज्यों में ऐसी आशंका है, वहां सभी दल अपने-अपने ढंग से बचाव में जुट गए हैं। गोवा के बारे में सूचना है कि कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को लेकर सचेत हो गई है। उसे दलबदल का भय सताने लगा है। खबर यहां तक है कि गोवा कांग्रेस ने दलबदल के भय से अपने प्रत्याशियों को रिजॉर्ट में भेज दिया है। अपने विधायकों को दलबदल या खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए यह तरीका नया नहीं है। बड़ी-छोटी अनेक पार्टियों में समय-समय पर ऐसी अप्रिय स्थितियां पैदा हुई हैं। गोवा में कांग्रेस का ताजा भय आधारहीन नहीं है। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गोवा की 40 में से 17 सीटों पर जीत हासिल की थी, पर 13 सीटें जीतने के बावजूद छोटी पार्टियों और निर्दलीयों की मदद से भाजपा सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। भाजपा की राजनीतिक तैयारी या चेष्टा का कोई तोड़ कांग्रेस के पास नहीं था। कांग्रेस उस दलबदल से इतनी कमजोर हो गई थी कि बाद में उसके 15 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।

किसी भी पार्टी को बुरा ही लगेगा, यदि उसके नेता ज्यादा विधायक के बावजूद सरकार न बना पाएं या किसी छोटी पार्टी के पास भले ही चंद विधायक हों, लेकिन अगर वे सत्ता के लिए पार्टी छोड़ जाएं, तो उन्हें रोकने के लिए कोई नियम-कायदा तय नहीं है। क्या इसके लिए कानून बनाने की जरूरत नहीं है? क्या राजनीति में वांछित-वाजिब नैतिकता की बहाली हो सकती है? यह दुखद ही है, जब पार्टियां जीतने के बाद पाला या गठबंधन बदल लेती हैं, तब तय संख्या में अपने नेताओं को दलबदल विरोधी कानून से बचते हुए पार्टी से बाहर जाने से कैसे रोका जा सकता है? साफ है, दलबदल विरोधी कानून तो अभी भी है, लेकिन उसकी खामियों या अपर्याप्तता को राजनेता ठीक से समझ गए हैं। कांग्रेस ही नहीं, कोई भी पार्टी यह नहीं चाहेगी कि ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद वह सरकार न बना पाए, लेकिन कायदा यह भी है कि किसी पार्टी को अगर ज्यादा सीटें मिलें, तो वह गठबंधन करते हुए सरकार बनाने के पूरे प्रयास करे।

गठबंधन के दौर में समस्या यह हो गई है कि मतदाता जिन नेताओं को विपक्ष में बैठने के लिए मत देते हैं, वे भी सत्ता पक्ष में शामिल होने को लालायित रहते हैं। छोटी-छोटी पार्टियों को भी सत्ता में हिस्सेदारी मिल जा रही है और खूब सीटें जीतने वाली पार्टी भी विपक्ष में सुशोभित हो रही है। दरअसल, बहुदलीय व्यवस्था के साथ यह समस्या हमेशा रहेगी। चूंकि सत्ता पाना राजनीति का एकमात्र लक्ष्य होता जा रहा है, इसलिए भी पाला बदल का खतरा बढ़ता जा रहा है। हर चुनावी राज्य में विशेष रूप से छोटे दलों में ज्यादा बेचैनी होगी। कुछ दल ऐसे होंगे, जो किसी भी पक्ष या गठबंधन के साथ चले जाएंगे। गोवा में जो कोशिशें चल रही हैं, उनके अनुसार, केवल कांग्रेस ही नहीं, भाजपा भी फिर सरकार बनाने के लिए जोड़-गठबंधन के लिए जुट गई है। यदि गठबंधन से ही सरकार बननी है, तो किसी पार्टी के ज्यादा सीटें जीतने या बहुमत से पीछे रह जाने का कोई अर्थ नहीं है। नेताओं और राजनीतिक दलों को सचेत रहना चाहिए कि जरूरत पड़ ही जाए, तो सभ्यता-शालीनता के साथ गठबंधन बने और लोगों को अच्छी सरकारें मिलें। जब लोगों को अच्छी सेवाभावी सरकार मिल जाती है, तो राजनेताओं और राजनीति के दोष कम दिखने लगते हैं।

---

***Date:09-03-22***

# मुश्किलों के बावजूद हमारी आर्थिक मजबूती

**सतीश सिंह, ( बैंकिंग व आर्थिक विशेषज्ञ )**

अर्थव्यवस्था में मुश्किलें तो हैं, लेकिन रौनक भी लौटी है। ताजा हालात की बात करें, तो विदेशी निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च के तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 17,537 करोड़ रुपये की निकासी की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 7 मार्च, 2022 को 139 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। रुपये की कीमत में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। एक डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत कम होकर 77 रुपये रह गई है, जिससे महंगाई और चालू खाते के घाटे में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ गई है। हालांकि, 4 फरवरी, 2022 को भारत में 631.953 अरब यूएस डॉलर के विदेशी मुद्रा का भंडार था, इसलिए फिलहाल भारत को कच्चे तेल के आयात में मुश्किलें नहीं आएंगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि कम नहीं है।

आईएचएस मार्केट के अनुसार, भारत का मैन्युफैक्चरिंग पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) फरवरी महीने में सुधरकर 54.9 के स्तर पर पर आ गया है, जबकि जनवरी में यह गिरकर 54 के स्तर पर आ गया था, जो विगत चार महीनों में सबसे निचला स्तर था। यहां यह ध्यान रहे, पीएमआई यदि 50 अंक से ज्यादा होता है, तो माना जाता है कि कारोबार में वृद्धि हो रही है, वहीं इससे कम होने पर माना जाता है कि देश में विकास की गति बाधित है। इन आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि नए कारोबारों और मांग व बिक्री में बेहतरी आई है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विगत तीन महीनों के दौरान मांग में तेजी देखी गई है। इस अवधि में उपभोक्ता वस्तु विनिर्माताओं की राह भी आसान हुई है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में 1.33 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की फरवरी की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है और फरवरी, 2020 की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। यह पांचवां महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। जीएसटी संग्रह में आई तेजी को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्त वर्ष 2023 में औसत जीएसटी संग्रह हर महीने में 1.25 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रह सकता है। राजकोषीय घाटा भी कम हुआ है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जनवरी महीने के दौरान केंद्र का राजकोषीय घाटा 9.38 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान का 58.9 प्रतिशत है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 66.8 प्रतिशत रहा था। राजकोषीय घाटा में कमी आने का कारण केंद्रीय कर संग्रह में तेजी आना है। सरकार को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयर बिक्री से भी बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। अगर बाजार में इस आईपीओ को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है, तो घाटे में और कमी आ सकती है। कर संग्रह के मोर्चे पर लगातार सुधार हुआ है। सरकार को विनिवेश और निजीकरण के विकल्पों पर भी ध्यान देना चाहिए। वित्त वर्ष 2022 में राजस्व व्यय 23.68 लाख करोड़ रुपये या संशोधित अनुमान का 74.7 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 71.6 प्रतिशत था। मतलब सरकारी व्यय में वृद्धि हो रही है, लेकिन मौजूदा परिदृश्य में सरकार को व्यय में और भी तेजी लानी चाहिए। सरकार को कृषि क्षेत्र के विकास हेतु और सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

आशा जगाते कुछ अन्य आंकड़े भी हैं, ग्लोबल लोकेशन टेक्नोलॉजी फर्म टॉमटॉम इंटरनेशनल के आंकड़ों के अनुसार, नई दिल्ली और मुंबई में यातायात में वृद्धि हुई है। बिजली उत्पादन और खपत में भी हाल में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ में, भारतीय रेलवे द्वारा ढुलाई किए जाने वाले माल की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। ये आंकड़े देश में आर्थिक हालत के सामान्य होने की ओर इशारा कर रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की राह में अभी भी बाधाएं बनी हुई हैं। पहले अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी से जूझ रही थी और अब रूस व यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का कुप्रभाव अर्थव्यवस्था के कुछ महत्वपूर्ण मानकों पर पड़ रहा है। बावजूद इसके विकास के अन्य मानकों जैसे, सरकारी व्यय में बढ़ोतरी, राजस्व संग्रह व जीएसटी संग्रह में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी आदि से साफ पता चलता है कि अर्थव्यवस्था मजबूती की दिशा में अग्रसर है।

---

***Date:09-03-22***

# मजदूरों का बढ़ा बल

दारूबन्दी से गरीब जनता और मजदूरों का कितना भला हुआ है, इसका प्रमाण बम्बई की मिल-हड़ताल से मिलता है। हड़ताल को आरम्भ हुए चार दिन हो गए हैं मगर कोई उत्पात, दंगा और उपद्रव नहीं हुआ है। मजदूरों के इस संयम का कारण बम्बई में एक अगस्त से जारी दारूबन्दी है। मजदूर अनुभव करते हैं कि दारूबन्दी के कारण उनका बल बढ़ गया है और उनकी साख बढ़ गई है। इसके कारण वे अब १९२८ की अपेक्षा अधिक समय तक हड़ताल चला सकते हैं। शराब की चमकती बोतल पहले उन्हें ललचाती थी और उनके हड़ताल के निश्चय को कमजोर कर देती थी। मगर दारूबन्दी के कारण उनका बड़ा शत्रु दूर हो गया है।

गोरों की भरती : भारत पिछले पचास साल से सेना के भारतीयकरण के लिए जोर दे रहा है। मगर सरकार की नीति में अभी तक कोई विशेष अन्तर नहीं आया है। गोरे अफसरों की नियुक्ति पहले के समान जारी है। पिछले पांचसाल में कितने गोरे अफसर रखे गए हैं, इसकी एक तालिका राज्य परिषद में दी गई थी। इसके अनुसार, १९३५ में १००, १९३६ में १७२, १९३७ में १३६, १९३८ में १२४ और १९३९ में १२५ गोरे अफसर भरती किए गए। इनकी जगह भारतीय अफसरों की नियुक्ति में कम से कम ३० साल और लग जाएंगे।

खर्च पर नियन्त्रण : बजट पर हुई बहस के सिलसिले में सरकार को सलाह दी गई थी कि युद्ध-व्यय का नियन्त्रण करने के लिए असेम्बलियों के सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाये। स्थिर आर्थिक कमेटी (स्टैण्डिंग फाइनान्स कमेटी ) पिछले दो साल से काम नहीं कर रही है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि लड़ाई चलाने के लिए हो रहे खर्च के नियन्त्रण के लिए एक कमेटी बनाई जाये। मगर अर्थ सदस्य सर रेजमैन ने इस प्रस्ताव को मानने से इन्कार कर दिया। आपका कहना है कि रोजमर्रा के खर्च का नियन्त्रण करने वाली कमेटी युद्ध को सफलता पूर्वक चलाने में सहायक न होकर बाधक होगी, क्योंकि संकट काल के लिए आवश्यक खर्च भी उसके कारण रुका रहेगा। इस तर्क में कुछ सच्चाई है, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। मगर इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकताकि युद्ध के नाम पर अन्धाधुंध खर्च न किया जाये और खर्च ठीक रीति से हो रहा है, यह जनता को विश्वास दिलाना आवश्यक है। यह असेम्बली के सदस्यों की बनी नियन्त्रण कमेटी के बनने से ही सम्भव है। मगर अर्थ सदस्य इससे सहमत नहीं हैं। आपने अनुमान कमेटी नियुक्त करने की सलाह दी है। मगर जब तक कमेटी को किसी खर्च को नामंजूर करने, रोकने का अधिकार न होगा, इस प्रकार की कमेटी बनाने का लाभ न होगा।